# जिला छतरपुर




नवभारत
भोपाल, रविवार15 फरवरी 2026

### एक नजर में



**वैलेंटाइन-डे नहीं बच्चों ने मनाया माता-पिता दिवस**

**बुधनी.** डीडी कॉन्वेंट स्कूल में मातृ-पितृ पूजन दिवस मनाया गया. जिसमें अभिभावकों का स्वागत किया गया. विद्यार्थियों ने अपने माता-पिता के चरणों में नतमस्तक होकर तिलक लगाया और आशीर्वाद प्राप्त किया. इस दौरान अभिभावकों की आंखें खुशी और गर्व से नम हो गई. विद्यार्थियों ने कहा कि वैलेंटाइन डे हमारी भारतीय संस्कृति का हिस्सा नहीं है, इसलिए विद्यालय में माता-पिता दिवस मनाना एक सराहनीय पहल है. माता-पिता हमारे प्रथम गुरु हैं और उनका सम्मान करना हमारा कर्तव्य है. प्राचार्य जेके त्रिपाठी ने कहा कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी को भारतीय संस्कृति से जोड़ना है. आज की युवा पीढ़ी को पाश्चात्य संस्कृति के अंधानुकरण से दूर रखते हुए भारतीय संस्कारों की ओर प्रेरित करना है. वहीं अभिभावकों ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है और उनमें माता-पिता के प्रति सम्मान की भावना प्रबल होती है.

**महिला हितग्राहियों को वितरित किए नि:शुल्क गैस कनेक्शन**

**बुधनी.** प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना अंतर्गत पात्र महिलाओं को नि:शुल्क गैस कनेक्शन उपलब्ध कराए जा रहे हैं. ग्राम खांडाबड़ में सात पात्र महिला हितग्राहियों को नि:शुल्क गैस कनेक्शन चूल्हा, सिलेंडर, रेगुलेटर एवं पाइप वितरित किए गए. कार्यक्रम में सरपंच सुनीता कलम, जनपद सदस्य रेखा उइके, राजेश कलम, सचिव ताहर सिंह मालवीय, श्रीराम उइके, मंजू परते, प्रवीण मालवीय सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं ग्रामवासी उपस्थित थे. कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने योजना को गरीब परिवारों के लिए लाभकारी बताते हुए कहा कि इससे महिलाओं का जीवन स्तर सुधरेगा और घरेलू कार्यों में सुविधा बढ़ेगी.

**नव उल्लास साक्षरता कार्यक्रम में दिया प्रशिक्षण**

**इछावर.** शासकीय उमावि बोरदी कलां में नव उल्लास साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत प्रशिक्षण का आयोजन किया गया. प्रशिक्षण में प्रधानाध्यापक अक्षर साथी तथा आजीविका मिशन से एसआरएलएम प्रतिनिधि उपस्थित थे. इस अवसर पर उपस्थित साथियों को नव साक्षरता पंजीयन की प्रक्रिया, ग्राम सर्वे किस प्रकार किया जाना है, इसकी जानकारी दी गई तथा कार्यक्रम के उद्देश्यों को समझाया गया. प्रशिक्षण में ब्लॉक समन्वयक नरेंद्र सोलंकी, प्राचार्य बाबूलाल मालवीय, चंदरसिंह ठाकुर, महेश राठौर, धरम सिंह वर्मा, अर्जुन ठाकुर, तिलकराम वर्मा आदि उपस्थित थे. कार्यक्रम का संचालन जिला साक्षरता समन्वयक लखन माहेश्वरी एवं बीआरसी सुभाष चंद्र दुबे ने किया.

**किसी भी बंदी के साथ न हो जाति आधारित भेदभाव**

**सीहोर.** प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष प्रकाश चंद्र आर्य ने जिला जेल का निरीक्षण किया. उन्होंने बंदियों के लिए विधिक जागरुकता शिविर आयोजित किया गया तथा बंदियों से जाति आधारित भेदभाव या भेदभावपूर्ण प्रथाओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली. न्यायाधीश श्री आर्य ने सभी संबंधितों को निर्देश दिए कि जेल में किसी भी बंदी के साथ जाति आधारित भेदभाव न हो, यह सुनिश्चित किया जाए.

## 'ऑपरेशन विश्वास' में पुलिस की बड़ी सफलता

- वर्ष 2026 में अब तक 211 मोबाइल फोन खोजकर लौटाए
- आंध्रप्रदेश, दिल्ली, झांसी सहित कई राज्यों से ट्रैक कर रिकवरी

### एक माह में 110 मोबाइल बरामद, कीमत लगभग 15 लाख रुपए

**छतरपुर, 14 फरवरी. पुलिस अधीक्षक अगम जैन के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान 'ऑपरेशन विश्वास' के तहत साइबर सेल और विभिन्न थानों की संयुक्त टीम ने पिछले एक माह में 110 गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद किए हैं. इन मोबाइलों की अनुमानित कीमत करीब 15 लाख रुपये बताई गई है. बरामद मोबाइल रियलमी, मोटोरोला, सैमसंग, वनप्लस, वीवो, ओप्पो आदि कंपनियों के हैं.**

पुलिस टीम ने इन मोबाइलों को केवल जिले से ही नहीं, बल्कि आंध्र प्रदेश, दिल्ली, महोबा, झांसी, सागर, पन्ना और निवाड़ी जैसे क्षेत्रों से ट्रैक कर बरामद किया. ये मोबाइल छात्र, किसान, मजदूर और गृहिणियों सहित समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों के थे. जनवरी माह में 110 मोबाइल उनके वास्तविक मालिकों को सौंप दिए गए.



थाना नौगांव क्षेत्र में दर्ज एक चोरी के मामले में आरोपी लक्ष्मी पाल उर्फ नाना निवासी अलीपुरा से मोबाइल बरामद कर विधिसम्मत कार्रवाई की गई. वर्ष 2026 में अब तक कुल 211 मोबाइल फोन, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 40 लाख रुपये है, उनके धारकों को लौटाए जा चुके हैं. इस कार्रवाई में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आदित्य पटले के मार्गदर्शन में साइबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक नेहा सिंह गुर्जर सहित पूरी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही.

**जनसामान्य हेतु अपील**

यदि आपका मोबाइल गुम हो जाता है तो घबराएं नहीं. आधार कार्ड, मोबाइल बिल, बॉक्स/कवर की फोटो, गुम होने की तिथि व स्थान, वैकल्पिक मोबाइल नंबर तथा नजदीकी थाने में दर्ज शिकायत की प्रति के साथ साइबर सेल में संपर्क करें या आधिकारिक व्हाट्सएप नंबर 9479991005 पर सूचना दें. छतरपुर पुलिस का कहना है कि 'ऑपरेशन विश्वास' के तहत आगे भी गुमशुदा मोबाइलों की तलाश और उन्हें उनके वास्तविक मालिकों तक पहुंचाने की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी.

## साड़ी में लगी आग, महिला की इलाज के दौरान मौत



- जिला अस्पताल में उपचार के दौरान तोड़ा दम
- पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा

**छतरपुर, 14 फरवरी. ओरछा रोड थाना क्षेत्र स्थित विद्यापुरा डेरी में शनिवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में 55 वर्षीय महिला की मौत हो गई. जानकारी के अनुसार, घर पर आग तापते समय अचानक साड़ी में आग लगने से महिला गंभीर रूप से झुलस गई.**

मृतका की पहचान सोना बाई अहिरवार (55) के रूप में हुई है. परिजनों के अनुसार सुबह करीब 8 बजे वह घर के बाहर आग ताप रही थीं, तभी उनके कपड़ों में आग लग गई. आग तेजी से फैलने के कारण वह गंभीर रूप से झुलस गईं. परिजन उन्हें तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां बर्न वार्ड में उनका उपचार शुरू किया गया. हालांकि हालत अधिक गंभीर होने के कारण उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई. पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया और मामले की जांच शुरू कर दी है.


## सिंगर दुबे का म्यूजिक एल्बम आज होगा जारी

**बुधनी.** युवा और प्रतिभाशाली सिंगर अचल दुबे उर्फ अचल पुजारी महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर अपना नया म्यूजिक एल्बम लॉन्च करने जा रहे हैं. एल्बम का प्रोमो वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स, फेसबुक और इंस्टाग्राम सहित उनकी आधिकारिक वेबसाइट पर रिलीज होते ही खासा चर्चा में आ गया है और दर्शकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है. इस म्यूजिक एल्बम की खास बात यह है कि इसे नगर की दो बेटियों काव्या ठाकुर एवं विदुषी तिवारी पर फिल्माया गया है. दोनों कलाकार एल्बम में भगवान शिव और माता पार्वती की भूमिका में नजर आएंगी, जिससे एल्बम को धार्मिक और सांस्कृतिक गरिमा भी मिली है. काव्या ठाकुर नगर के पत्रकार राजेश ठाकुर मोनू की पुत्री हैं.अचल दुबे की मधुर आवाज को पहले भी श्रोताओं का भरपूर प्यार मिला है. उनके पूर्व में आए म्यूजिक एल्बमों ने भी अच्छी लोकप्रियता हासिल की है. नए एल्बम को लेकर संगीत प्रेमियों और युवाओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है.

## पुलिस चौकी में शराबी युवक का हंगामा

### ड्यूटी के समय पुलिसकर्मी न होने से उठे सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल

- आरोपी पर कई धाराओं में मामला दर्ज
- चौकी में घुसकर युवक ने की तोड़फोड़ और हंगामा
- सूचना मिलते ही पुलिस ने आरोपी को मौके से पकड़ा



**छतरपुर, 14 फरवरी. जिला मुख्यालय के छत्रसाल चौराहा स्थित पुलिस चौकी में एक शराबी युवक ने घुसकर जमकर हंगामा और तोड़फोड़ कर दी. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक ने चौकी के अंदर रखे फर्नीचर और अन्य सामान को नुकसान पहुंचाया तथा काफी देर तक उत्पात मचाता रहा. घटना के समय चौकी पर कोई जिम्मेदार पुलिसकर्मी मौजूद नहीं था, जिससे आसपास मौजूद लोगों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया.**

सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आरोपी को पकड़कर सिविल लाइन थाना ले जाया गया. पुलिस ने आरोपी की पहचान 26-27 वर्षीय रानू तिवारी के रूप में की है. उसके खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर विधि अनुसार कार्रवाई शुरू कर दी गई है.

इस घटना के बाद स्थानीय लोगों ने चौकी में पुलिसकर्मियों की अनुपस्थिति को लेकर नाराजगी जताई है. लोगों का कहना है कि शहर के व्यस्त और संवेदनशील चौराहे पर स्थित चौकी में यदि समय पर पुलिस मौजूद न रहे, तो सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े होना स्वाभाविक है. फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है और पूरे घटनाक्रम की जांच जारी है. अधिकारियों का कहना है कि जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी तथा भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों, इसके लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी.

## अमित भटनागर जेल से रिहा हुए

- केन-बेतवा परियोजना से जुड़े मुद्दों पर पारदर्शी प्रक्रिया की मांग
- कलेक्टर से की मुलाकात, सौंपा आवेदन



**छतरपुर, 14 फरवरी. में केन-बेतवा लिंक परियोजना के विरोध में आंदोलन के दौरान गिरफ्तार सामाजिक कार्यकर्ता अमित भटनागर को चार दिन बाद रिहा कर दिया गया. रिहाई के बाद उन्होंने प्रभावित गांवों का दौरा किया और ग्रामीणों व आदिवासी महिलाओं से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं.**

शनिवार को दोपहर करीब 1 बजे भटनागर कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे और कलेक्टर पार्थ जैसवाल से मुलाकात कर एक आवेदन सौंपा. आवेदन में परियोजना से प्रभावित परिवारों के पुनर्वास, पारदर्शी प्रक्रिया अपनाने और कानूनसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की गई है.

मुलाकात के बाद अमित भटनागर ने कहा कि यह आंदोलन किसी व्यक्ति विशेष का नहीं, बल्कि ग्रामीणों और आदिवासी समुदाय के अधिकारों की लड़ाई है. उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि प्रशासन पारदर्शी और नियमों के अनुरूप प्रक्रिया अपनाता है, तो आंदोलन सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ेगा.

> उन्होंने यह भी कहा कि यदि जमीनी स्तर पर वादों और कार्रवाई में अंतर दिखाई देता है, तो प्रभावित लोग लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज उठाते रहेंगे. फिलहाल प्रशासन और प्रभावित पक्ष के बीच संवाद की प्रक्रिया जारी है.

## अपर कलेक्टर मिलिंद नागदेवे का तबादला, खरगोन जिला पंचायत के सीईओ बने

**छतरपुर ,14 फरवरी.** मिलिंद कुमार नागदेवे का तबादला कर उन्हें जिला पंचायत खरगोन का मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया गया है. वे वर्तमान में छतरपुर कलेक्टोरेट में अपर कलेक्टर के पद पर पदस्थ थे. मध्यप्रदेश शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी प्रशासनिक आदेश के अनुसार राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के तबादले किए गए हैं. इसी क्रम में नागदेवे का स्थानांतरण किया गया है. आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है. प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार यह तबादला राज्य स्तर पर किए गए व्यापक प्रशासनिक फेरबदल का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य जिलों में प्रशासनिक व्यवस्था को और सुदृढ़ करना है. नागदेवे के स्थानांतरण के बाद छतरपुर में अपर कलेक्टर का पद फिलहाल रिक्त हो गया है. नए अधिकारी की पदस्थापना के आदेश शीघ्र जारी होने की संभावना है.

## टीम ने जब्त किए चार ट्रैक्टर-ट्राली


**सीहोर.** कलेक्टर बालागुरू के के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनिजों के उत्खनन एवं परिवहन की रोकथाम के लिए निरंतर कार्रवाई की जा रही है. इसी क्रम में बुधनी एवं रेहटी क्षेत्र अंतर्गत खनिज, राजस्व एवं पुलिस विभाग के संयुक्त दल द्वारा अवैध रेत परिवहन करते हुए 4 ट्रैक्टर-ट्राली जब्त कर भैरूंदा थाने में खड़े किए हैं. जिला खनिज अधिकारी धर्मेंद्र चौहान बताया जब्त किए गए वाहनों पर खनिज नियमों के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्यवाही की जा रही है.

गौरतलब है कि क्षेत्र में नर्मदा नदी से रेत का अवैध खनन और परिवहनकिया जा रहा है. गाहे बगाहे कार्रवाई की जाती है. इसके बाद भी खनन और परिवहन पर रोक लगा पाने में विभाग नाकाम साबित हुआ है.

**किशोर सागर परिसर में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़**

## महाशिवरात्रि से पहले 12 ज्योतिर्लिंग और विराट शिवलिंग की झांकी सजी

**छतरपुर, 14 फरवरी. महाशिवरात्रि पर्व से एक दिन पहले शनिवार को श्रद्धा और भक्ति का विशेष माहौल देखने को मिला. ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा किशोर सागर स्थित खड़े हनुमान मंदिर के पास 12 ज्योतिर्लिंग और एक विराट शिवलिंग की आकर्षक झांकी सजाई गई, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे.**



झांकी को पारंपरिक धार्मिक सजावट, आकर्षक रोशनी और आध्यात्मिक संदेशों के साथ तैयार किया गया था. सुबह से ही दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया. श्रद्धालुओं ने भगवान शिव के विभिन्न ज्योतिर्लिंग स्वरूपों के दर्शन कर परिवार की सुख-समृद्धि और कल्याण की कामना की. आयोजकों ने बताया कि झांकी का उद्देश्य लोगों में आध्यात्मिक जागरूकता बढ़ाना और महाशिवरात्रि के महत्व को जन-जन तक पहुंचाना है. कार्यक्रम स्थल पर स्वयंसेवकों ने व्यवस्थाएं संभालीं, जिससे श्रद्धालुओं को दर्शन में किसी प्रकार की असुविधा न हो.

नव भारत

सुरूचि नारी शक्ति सम्मान

भारतीय महिलाएं सब क्षेत्रों में अपने कौशल और लगन से समाज में आगे बढ़ रही हैं
उनके उत्कृष्ट कार्यों को प्रोत्साहित करने के लिए नवभारत भोपाल
8 मार्च 2026 को " सुरूचि नारी शक्ति सम्मान " का आयोजन करने जा रहा है।

8 मार्च 2026



इस भव्य कार्यक्रम में "भोपाल नगर की चयनित विशिष्ट महिलाओं" को उनकी विभिन्न विधाओं में विशिष्ट उपलब्धियों और समाज में उनके अमूल्य योगदान के लिए सम्मानित किया जायेगा ।

कार्यक्रम का स्थान : नवभारत प्रेस परिसर
रामगोपाल माहेश्वरी मार्ग एम पी नगर
जोन - 1, भोपाल म.प्र.